स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नातीनी के संबंध में रोस्टर बिन्दु का निर्धारण) के आलोक में विहित/वर्णित प्रावधान के अनुसार केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा भर्ती की प्रक्रिया की जायेगी ।

उक्त ''बिहार पुलिस चालक संवर्ग नियमावली–2017'' एवं संगत (उपर्युक्त वर्णित) अधिसूचनाओं में निहित प्रावधान एवं शर्तें तथा विहित प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों को विज्ञापन में दिये गये निर्देशों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थीगण अपना आवेदन विहित प्रपत्र में केन्द्रीय चयन पर्षद के वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर ऑन–लाइन (Online) समर्पित करेंगे। तदोपरान्त आवेदन–पत्रों की संवीक्षा की जायेगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र सही पाये जायेंगे उनके लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी।

## (1) चालक सिपाही के पद पर आवेदन हेतु पात्रता :–

1.1 **अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता :–** चालक सिपाही के मूल पद पर भर्ती हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इण्टरमीडिएट (10+2) पास या समकक्ष अनिवार्य होगी ।

1.2 **मोटर वाहन चालन अनुज्ञप्ति :–** मात्र वैसे ही पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी जिनके पास विज्ञापन की तिथि (29/11/2019) से कम से कम एक वर्ष पूर्व का हल्का मोटर वाहन (LMV) / भारी मोटर वाहन (HMV) चलाने का सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत मोटर वाहन चालन अनुज्ञप्ति होगी, इस पद हेतु आवेदन करने के योग्य होंगे ।

1.3 **अभ्यर्थियों की उम्र (दिनांक–01.08.2019 को) ''दसवीं–बोर्ड'' अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि के अनुसार निम्नवत होगी :–**

(क) सामान्य (अनारक्षित) कोटि के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 20 (बीस) वर्ष और अधिकतम उम्र 25 (पच्चीस) वर्ष ।

(ख) पिछड़ा वर्ग/कोटि एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग/कोटि के पुरूषों के लिए न्यूनतम उम्र 20 (बीस) वर्ष और अधिकतम उम्र 27 (सत्ताईस) वर्ष ।

(ग) पिछड़ा वर्ग/कोटि एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग/कोटि की महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 20 (बीस) वर्ष और अधिकतम उम्र 28 (अठ्ठाईस) वर्ष ।

(घ) अनुसूचित जाति/कोटि एवं अनुसूचित जन–जाति/कोटि के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 20 (बीस) वर्ष और अधिकतम उम्र 30 (तीस) वर्ष ।

(ड़) बिहार पुलिस संगठन में चालक सिपाही के पद पर पूर्व में अथवा पूर्व से संविदा नियोजित अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में संविदा नियोजन की अवधि तक की छूट दी जाएगी ।

1.4 **अभ्यर्थियों का शारीरिक मापदण्ड –** उम्मीदवारों के लिए निम्नलिखित न्यूनतम ऊँचाई एवं सीना के मापदण्ड को पूरा करना आवश्यक होगा ।

**(क) ऊँचाई –**

(1) अनारक्षित (सामान्य) एवं पिछड़ा वर्ग के पुरूष उम्मीदवारों के लिए – न्यूनतम 165 सेन्टीमीटर ।

(2) अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरूष उम्मीदवारों के लिए – न्यूनतम 160 सेन्टीमीटर ।

(3) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए – न्यूनतम 160 सेन्टीमीटर ।

## अनुलग्नक 'क'

| क्रम सं0 | जिला / इकाई / वाहिनी का नाम | रिक्ति | क्रम सं0 | जिला / इकाई / वाहिनी का नाम | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भागलपुर | 35 | 37. | बगहा | 33 |
| 2. | नवगछिया | 15 | 38. | जहानाबाद | 02 |
| 3. | नालन्दा | 52 | 39. | शेखपुरा | 10 |
| 4. | लखीसराय | 14 | 40. | रेल जमालपुर | 07 |
| 5. | गोपालगंज | 06 | 41. | रेल कटिहार | 08 |
| 6. | मुंगेर | 37 | 42. | रेल मुजफ्फरपुर | 04 |
| 7. | रोहतास | 41 | 43. | रेल पटना | 11 |
| | | | 44. | पु0म0नि0, मिथिला क्षेत्र, दरभंगा | 01 |
| 8. | जमुई | 29 | 45. | पु0म0नि0, तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर | 01 |
| 9. | नवादा | 20 | 46. | पु0उ0म0नि0, कोशी क्षेत्र, सहरसा | 01 |
| 10. | सारण (छपरा) | 29 | 47. | पु0उ0म0नि0, शाहाबाद क्षेत्र, | 01 |
| 11. | मुजफ्फरपुर | 45 | 48. | पु0म0नि0, पूर्णियाँ क्षेत्र, | 01 |
| 12. | शिवहर | 04 | 49. | पु0म0नि0, केन्द्रीय क्षेत्र, पटना | 01 |
| 13. | सुपौल | 11 | 50. | बिहार सैन्य पुलिस 01, पटना | 22 |
| 14. | बाँका | 25 | 51. | बिहार सैन्य पुलिस 02, डेहरी | 14 |
| 15. | मोतिहारी | 30 | 52. | बिहार सैन्य पुलिस 03, बोधगया | 21 |
| 16. | अररिया | 07 | 53. | बिहार सैन्य पुलिस 04, डुमराँव | 08 |
| 17. | सहरसा | 27 | 54. | बिहार सैन्य पुलिस 05, पटना | 03 |
| 18. | बेगुसराय | 25 | 55. | बिहार सैन्य पुलिस 06, मुजफ्फरपुर | 14 |
| 19. | दरभंगा | 70 | 56. | बिहार सैन्य पुलिस 07, कटिहार | 02 |
| 20. | मधुबनी | 28 | 57. | बिहार सैन्य पुलिस 08, बेगूसराय | 15 |
| 21. | बक्सर | 34 | 58. | बिहार सैन्य पुलिस 09, जमालपुर | 11 |
| 22. | खगड़िया | 18 | 59. | बिहार सैन्य पुलिस 10, पटना | 26 |
| 23. | सीतामढ़ी | 16 | 60. | बिहार सैन्य पुलिस 11, जमुई | 01 |
| 24. | पटना | 106 | 61. | बिहार सैन्य पुलिस 12, सहरसा | 07 |
| 25. | सीवान | 19 | 62. | बिहार सैन्य पुलिस 13, दरभंगा | 18 |
| 26. | मधेपुरा | 10 | 63. | बिहार सैन्य पुलिस 14, पटना | 30 |
| 27. | वैशाली | 24 | 64. | बिहार सैन्य पुलिस 15, बगहा | 05 |
| 28. | अरवल | 27 | 65. | बिहार स्वाभिमान पुलिस वाहिनी, बगहा | 32 |
| 29. | कैमूर (भभुआ) | 32 | 66. | अश्वारोही सैन्य पुलिस, आरा | 06 |
| 30. | गया | 88 | 67. | महिला सशस्त्र वाहिनी, सासाराम | 01 |
| 31. | किशनगंज | 23 | 68. | इण्डिया रिजर्व बटालियन, बि0सै0पु0-03, बोध गया | 27 |
| 32. | समस्तीपुर | 25 | 69. | पुलिस परिवहन मुख्यालय, पटना | 125 |
| 33. | भोजपुर (आरा) | 28 | 70. | विशेष शाखा, पटना | 47 |
| 34. | पूर्णिया | 28 | 71. | विधि विज्ञान प्रयोगशाला, पटना | 41 |
| 35. | कटिहार | 28 | 72. | राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पटना | 01 |
| 36. | बेतिया | 46 | 73. | अपराध अनुसंधान विभाग, पटना | 62 |
| | | | | **कुल -** | **1722** |